आबू धाबी टी 10– दुनिया का एकमात्र आईसीसी द्वारा अनुमोदिन 10 ओवर का टूर्नामेन्ट, यूएई के 50वें राष्ट्रीय दिवस के मौके पर खेला जाएगा

15 दिवसीय शानदार क्रिकेट साल–दर–साल दुनिया भर में टीवी दर्शकों में 79.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज कर रहा है

टैन स्पोर्ट्स मैनेजमेन्ट और आबू धाबी क्रिकेट ने बेहद लोकप्रिय आबू धाबी टी10 क्रिकेट के पांचवें संस्करण के लिए बहु–प्रतीक्षित तारीखों का ऐलान कर दिया है। इस साल 15 दिवसीय टूर्नामेन्ट का आयोजन 19 नवम्बर से 14 दिसम्बर के बीच विस्तारित सार्वजनिक अवकाश सप्ताहांत पर होगा, यह आयोजन यूएई के 50वें राष्ट्रीय दिवस पर किया जा रहा है, जो 2 दिसम्बर को होता है।

2021 आबू धाबी टी 10, का पांचवां सीज़न क्रिकेट के सबसे तेज़ फोर्मेट (एक पक्ष में दस ओवर) पर आधारित होगा, जिसमें 90 मिनट के मैच 15 दिनों तक खेले जाएंगे, जबकि पिछले सीज़न ये मैच 10 दिनों तक चले थे।

''यह बेहद गर्व की बात है कि 2017 में मात्र चार टीमों से शुरू हुई यह यात्रा आज ऐसे मंच पर पहुंच गई है, जहां यह टूर्नामेन्ट दुनिया के क्रिकेट कैलेंडर का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।'' **शाजी यूआई मुल्क, चेयरमैन, टीएसएम ने कहा,** जिनके पास टी10 लीग का स्वामित्व है। ''यह देखकर अच्छा लगता है कि दुनिया के शीर्ष पायदान के क्रिकेटर इस लोकप्रिय फोर्मेट में खेल रहे हैं और इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए उन्हें दुनिया भर के दर्शकों के साथ जुड़ने का मौका मिल रहा है। एडीसी के सहयोग से हम यूएई की 50वीं सालगिरह के मौके पर इस टूर्नामेन्ट का आयोजन करने जा रहे हैं।''

''आबू धाबी सरकार एवं आबू धाबी स्पोर्ट्स काउन्सिल के सहयोग से एडीसी ने आबू धाबी टी10 में निरंतर विकास दर्ज किया है और आज कोविड–19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद जनवरी/फरवरी 2021 का सीज़न सफलता की नई उंचाईयों को छू रहा है। टूर्नामेन्ट के दौरान कोविड–19 के सख्त प्रोटोकॉल्स के साथ सुरक्षा को सुनिश्चित किया गया है, दुनिया भर में इसके टीवी दर्शकों की संख्या 63.9 मिलियन के आंकड़े पर पहुंच गई है, जिसमें साल–दर–साल 79.67 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है– आज यह विश्वस्तरीय आयोजन बन चुका है। ऐसे में और भी बड़े पैमाने पर यह आयोजन सही मायनों में दर्शकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा।''
2017 में लॉन्च किया गया आबू धाबी टी 10 जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउन्सिल एवं अमीरात्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है, आज अपने राउण्ड–रोबिन फोर्मेट, एलिमिनेटर्स एवं फाईनल के साथ विश्वस्तरीय खेल के रूप में लोकप्रिय हो चुका है।

''आबू धाबी टी 10 के चौथे सीज़न के दौरान दुनिया भर में दर्शकों की संख्या 144.2 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई और सोशल मीडिया पर इसे 800 मिलियन वीडियो व्यूज़ मिले, लगातार बढ़ते दर्शकों के साथ–साथ इस फोर्मेट के साथ युवा एवं अनुभवी खिलाड़ी भी जुड़ते रहे हैं।'' **महामहिम आरेफ एआई अवानी, महासचिव, आबू धाबी स्पोर्ट्स काउन्सिल ने कहा।**

अमीरात्स क्रिकेट बोर्ड ने आबू धाबी टी10 के पांचवें सीज़न का स्वागत किया। बोर्ड के महासचिव **मुबाशशिर उस्मानी** ने कहा, *''हमें खुशी है कि पिछले चार सीज़न में आबू धाबी टी 10 लगातार विकसित हुआ है। टूर्नामेन्ट हमारे खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों क साथ खेलने का मौका देता है, जिससे उनके कौशल में सुधार होता है। हमें विश्वास है कि यूएई के महत्वपूर्ण वर्ष में आयोजित आगामी सीज़न कई गुना अधिक सफलता हासिल करेगा और देश भर के प्रशंसक लम्बी अवधि के ज़्यादा मैचों का आनंद उठाएंगे।''*

आबू धाबी टी10 चैम्पियनों में केरल किंग्स, मराठा अरेबियन्स और दो बार खिताब जीतने वाले नर्दन वॉरियर्स शामिल हैं।